# विज्ञापन संख्या 02/2022

| | |
|---|---|
| आवेदन शुरू होने की तिथि | 28.01.2022 (शुक्रवार) |
| आवेदन की हार्ड कॉपी प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 01.03.2022 (मंगलवार) |

## सुरक्षा अधिकारी के लिए विज्ञापन

सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीरी), पिलानी वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के तत्वावधान में वर्ष 1953 में स्थापित इलेक्ट्रॉनिकी के क्षेत्र में प्रमुख शोध संस्थान है। यह इलेक्ट्रॉनिकी के क्षेत्र में बहु-विषयक अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों और परियोजनाओं से संबंधित कार्य करता है।

| क्र सं | पदनाम | पद (पदों) की संख्या और आरक्षण | वेतनमान | *कुल परिलब्धियाँ | ऊपरी आयु सीमा (01.03.2022 को ) से अधिक नहीं |
|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **सुरक्षा अधिकारी** | **1 पद [अनारक्षित]** | **स्तर - 7 (₹44,900-₹1,42,400)** | **₹61,823/-** | **35 वर्ष** |

* कुल परिलब्धियों का आशय है सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में देय भत्ते सहित न्यूनतम वेतनमान पर प्रति माह अनुमानित कुल परिलब्धियां।

उपर्युक्त पद के लिए अनिवार्य न्यूनतम अर्हता निम्नानुसार है:-

| **पद कोड: SECOFF-01: 1 पद [अना.]**<br>**वेतन मैट्रिक्स: लेवल 7 (₹44,900-1,42,400)** | **सुरक्षा अधिकारी** |
|---|---|
| **अनिवार्य अर्हता (अर्हताएं)** | भूतपूर्व सैनिक जेसीओ (सूबेदार या उच्चतर रैंक) या अन्य अर्द्धसैनिक बलों में समतुल्य रैंक में न्यूनतम 10 वर्षों का सुरक्षा संबंधी अनुभव। हालांकि, अल्प सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों और सीआरपीएफ/ बीएसएफ/ आईटीबीपी आदि में सहायक समादेशक के पद पर वेतनमान ₹8,000-13,500 (पूर्व-संशोधित) में कार्यरत पदधारियों के मामले में अनुभव |

| | |
|---|---|
| | 05 वर्षों का होगा। अर्धसैनिक बलों के निरीक्षक के मामले में, अपेक्षित अनुभव 10 वर्षों का होगा। |
| **नौकरी की आवश्यकताएं/ नौकरी की प्रकृति** | अधिकारी के दायित्व निम्नवत होंगे: -<br><br>(क) सभी पहलुओं से सीएसआईआर-सीरी परिसर और इसकी इकाइयों की संपत्तियों का सुरक्षा संबंधी पर्यवेक्षण करना।<br><br>(ख) व्यक्तियों और सामग्रियों की आवाजाही संबंधी सभी अभिलेखों का समुचित रखरखाव, सुरक्षा कर्मियों की सभी शिफ्टों में समुचित तैनाती, आगंतुकों का प्रबंधन, सुरक्षा कैमरों का प्रचालन, सुरक्षा नियमों/ प्रक्रियाओं का प्रवर्तन आदि उत्तरदायित्व। अभ्यर्थी को चौबीसों घंटे (24X7) काम करने में सक्षम होना चाहिए तथा संस्थान में आवश्यकतानुसार एवं किसी भी आपात स्थिति में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहना होगा।<br><br>(ग) चोरी, उठाईगिरी, दुर्घटना, तोड़फोड़ या विध्वंसक गतिविधियों आदि जैसे गंभीर मामलों की जांच करना। इसलिए अभ्यर्थी को आवश्यकतानुसार कानून और व्यवस्था से जुड़े स्थानीय प्राधिकारियों से चर्चा / व्यवहार के लिए सुरक्षा नियमों और प्रक्रियाओं की समुचित जानकारी। स्थानीय भाषा का ज्ञान एक अतिरिक्त लाभ होगा।<br><br>(घ) आपात स्थिति में आग से निपटने के लिए अधिकारी को अग्निशमन व्यवस्था की समुचित जानकारी होनी चाहिए ।<br><br>(ड) सुरक्षा संबंधी मामलों में प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्य। |

**<u>चयन विधि</u> :**

| **पदनाम** | **चयन प्रक्रिया** |
|---|---|
| **सुरक्षा अधिकारी** | i) इन पदों के लिए आवेदन करने वाले ऐसे अभ्यर्थियों को अर्हक प्रकृति के शारीरिक और व्यक्तित्व मूल्यांकन जांच के लिए बुलाया जाएगा जो अपेक्षित अनिवार्य योग्यताएं एवं उम्र पूरी करते हों।<br>ii) शारीरिक और व्यक्तित्व मूल्यांकन परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को लिखित प्रतियोगिता परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा।<br>iii) अंतिम मेधा सूची लिखित प्रतियोगिता परीक्षा में अभ्यर्थी के प्रदर्शन के आधार पर तैयार की जाएगी। |

**<u>सुरक्षा अधिकारी के पद हेतु पाठ्यक्रम</u>: -**

**<u>शारीरिक मानदंड</u>** :

| आवश्यक न्यूनतम ऊंचाई | पुरुष | महिला |
|---|---|---|
| सामान्य | 167 सेमी | 157 सेमी |
| पहाड़ी क्षेत्र# | 165 सेमी | 155 सेमी |
| अनु. जनजाति वर्ग | 162.5 सेमी | 154 सेमी |

| पुरुषों के सीने का आवश्यक न्यूनतम आकार | बिना फुलाए (साँस छोड़कर) | फैला हुआ (साँस भरकर) |
|---|---|---|
| सामान्य | 80 सेमी | 85 सेमी |
| पहाड़ी क्षेत्र # | 80 सेमी | 85 सेमी |
| अनु. जनजाति वर्ग | 77 सेमी | 82 सेमी |

# गढ़वाल, कुमाऊं, हिमाचल प्रदेश, गोरखा, डोगरा, मराठा, कश्मीर घाटी, लेह और लद्दाख क्षेत्र, उत्तर पूर्वी राज्यों और सिक्किम के पहाड़ी क्षेत्रों से संबंधित अभ्यर्थी।

**<u>शारीरिक परीक्षण का विवरण</u>**:

| शारीरिक गतिविधियां | पुरुष | महिला |
|---|---|---|
| 1600 मीटर दौड़ | 6 मिनट 30 सेकंड | लागू नहीं |
| लंबी कूद | 3 प्रयासों में 3.65 मी | 3 प्रयासों में 2.70 मी |
| चिन अप | न्यूनतम 06 | लागू नहीं |
| पुश अप | न्यूनतम 12 | लागू नहीं |
| उठक बैठक | न्यूनतम 10 | न्यूनतम 10 |
| 800 मीटर दौड़ | लागू नहीं | 4 मिनट |

**लिखित परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम :**

1) शारीरिक परीक्षण में अर्हता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को ही लिखित परीक्षा में शामिल होने की अनुमति होगी।

2) लिखित परीक्षा में दो प्रश्नपत्र (प्रश्नपत्र-I और प्रश्नपत्र-II) होंगे।

3) प्रश्नपत्र-I ओएमआर आधारित या कंप्यूटर आधारित वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पी परीक्षण होगा जबकि प्रश्नपत्र - II वर्णनात्मक प्रकृति का होगा।

4) प्रश्नपत्र-I के लिए सीमा अंक (थ्रेसहोल्ड मार्क्स) 30% होगी। केवल उन्हीं अभ्यर्थियों के दूसरे प्रश्नपत्र का मूल्यांकन किया जाएगा जो प्रथम प्रश्नपत्र में न्यूनतम सीमा अंक प्राप्त करेंगे।

5) चयन समिति प्रश्नपत्र-II में भी न्यूनतम सीमा अंक तय करेगी जो 35% से कम नहीं होगी।

6) प्रश्नपत्र-II में अभ्यर्थियों के प्रदर्शन के आधार पर अंतिम मेधा सूची तैयार की जाएगी। मेधा सूची में केवल उन्हीं के नाम शामिल होंगे जिन्होंने चयन समिति द्वारा निर्धारित न्यूनतम सीमा अंक से अधिक अंक प्राप्त किए हों।

7) परीक्षा का माध्यम - प्रश्नपत्र द्विभाषी (अंग्रेजी और हिंदी में) तैयार किए जाएंगे और परीक्षा अंग्रेजी या हिंदी माध्यम में दी जा सकती है।

8) परीक्षा का स्तर - स्नातक स्तर।

**प्रश्नपत्र-I (आबंटित समय- 90 मिनट)**

| विषय | प्रश्नों की संख्या | कुल अंक | नकारात्मक अंक |
|---|---|---|---|
| मानसिक क्षमता और व्यक्तित्व मूल्यांकन परीक्षण* | 100 | 100 | इस प्रश्नपत्र में नकारात्मक अंकन नहीं होगा। |

* इस परीक्षण को इस प्रकार तैयार किया जाएगा कि इसमें सामान्य बुद्धिमता, संख्यात्मक अभिरुचि, तर्कशक्ति, समस्या समाधान, स्थितिजन्य निर्णय आदि को शामिल किया जा सके।

**प्रश्नपत्र- II (आबंटित समय- 2 घंटे)**

| विषय | अधिकतम अंक |
|---|---|
| सामान्य बोध | 25 |
| रिपोर्ट लेखन | 25 |
| सुरक्षा विनियम, अग्निशमन आदि | 25 |
| सामान्य जागरूकता | 25 |

**नोट**: आवेदनों की प्रथम दृष्टया जांच-परख अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों और जानकारी के आधार पर की जाएगी। यदि बाद में किसी समय यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करते हैं; तो बिना कोई कारण बताए उनकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी।

**<u>सामान्य जानकारी और शर्तें:-</u>**

**1. परिषद सेवा के अंतर्गत लाभ:**

क. इन पदों पर केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए यथा स्वीकार्य और सीएसआईआर के लिए लागू सामान्य भत्ते जैसे महंगाई भत्ता (डीए), मकान किराया भत्ता (एचआरए), परिवहन भत्ता (टीए) आदि देय होते हैं। परिषद के कर्मचारी भी सीएसआईआर आवास आबंटन नियमों के अनुसार उपलब्धता के आधार पर अपने हकदार प्रकार के आवास के लिए पात्र हैं, लेकिन ऐसी स्थिति में मकान किराया भत्ता स्वीकार्य नहीं होगा। परिस्थिति के मद्देनजर आवश्यक होने पर, पदधारी को स्टाफ क्वार्टर में रहना होगा।

ख. उपर्युक्त परिलब्धियों के अतिरिक्त, सीएसआईआर के नियमानुसार अन्य लाभ भी उपलब्ध हैं। चयनित अभ्यर्थी सीएसआईआर द्वारा अपने कर्मचारियों के लिए अपनाए गए परिभाषित अंशदान आधारित 'राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली' द्वारा शासित होंगे। हालांकि, अन्य सरकारी विभागों/स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/केंद्रीय विश्वविद्यालयों से चयनित व्यक्ति जो 01-01-2004 से पहले सेवा में आ गए हों और भारत सरकार के पैटर्न पर पेंशन योजना में हों वे नियमानुसार मौजूदा पेंशन योजना यानी सीसीएस (पेंशन) नियम, 1972, नियमों से शासित होंगे।

ग. उक्त पद एकाकी श्रेणी का है एवं न्यूनतम रेजीडेंसी अवधि या सीएसआईआर द्वारा समय-समय पर यथासंशोधित अवधि पूरी करने पर कैरियर प्रोन्नति के लिए पात्र हैं।

घ. सक्षम प्राधिकारी के पास इस विज्ञापन की निबंधन और शर्तें संशोधित करने, हटाने और जोड़ने का अधिकार सुरक्षित है।

**2. अन्य शर्तें:**

क. आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए।

ख. सभी आवेदकों के पास पद की अनिवार्य अर्हता होनी चाहिए और विज्ञापन में निर्धारित अन्य शर्तें पूरी करनी चाहिए। उन्हें सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले स्वयं को संतुष्ट कर लें कि उनके पास पद के लिए निर्धारित न्यूनतम अनिवार्य अर्हताएं हैं, जो अनिवार्य है, भले ही अभ्यर्थी के पास कुछ अन्य उच्च अर्हताएं हों। पात्रता के बारे में सलाह मांगने वाली पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा। पद के सामने उल्लिखित विहित अनिवार्य अर्हताएं न्यूनतम हैं। केवल उन योग्यताओं के पूरा होने पर अभ्यर्थी शारीरिक परीक्षण और लिखित परीक्षा के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं हो जाता है। अभ्यर्थियों की छंटनी के लिए विधिवत गठित छानबीन समिति अपने स्वयं के मानदंड अपनाएगी। इसलिए, अभ्यर्थी को आवेदन में न्यूनतम निर्धारित अर्हता से ऊपर संबंधित क्षेत्र में प्राप्त सभी योग्यताओं और अनुभवों का उल्लेख करना चाहिए और इनके समर्थन में दस्तावेज़ प्रस्तुत करने चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी विवरण पूर्ण और सटीक हैं।

ग. सरकारी विभागों, स्वायत्त निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों और सरकारी वित्तपोषित अनुसंधान एजेंसियों में कार्यरत अभ्यर्थियों के ऑनलाइन आवेदन पर तभी विचार किया जाएगा जब उसकी हार्ड कॉपी उचित माध्यम द्वारा भेजी जाए और नियोक्ता द्वारा प्रमाणित किया जाए कि आवेदक को चयनित होने पर तत्काल आमेलन आधार पर नियुक्ति आदेश की प्राप्ति के एक महीने के भीतर कार्यभारमुक्त कर दिया जाएगा। ऐसे मामलों में सतर्कता अनापत्ति भी दर्ज की जानी चाहिए। उचित माध्यम द्वारा भेजे गए आवेदन दिनांक 01.03.2022 (मंगलवार) को या उससे पहले हमारे पास पहुंच जाने चाहिए।

घ. ऑनलाइन आवेदन भरने के उपरांत तैयार आवेदन की हार्ड कॉपी (प्रिंट-आउट) के साथ संबंधित शैक्षिक अर्हता, अनुभव, डिस्चार्ज बुक, जाति/समुदाय/वर्ग आदि की स्व-सत्यापित प्रतियां संलग्न होनी चाहिए। अपूर्ण आवेदनों, या आवेदनों के साथ आवश्यक स्व-सत्यापित प्रमाण पत्र/दस्तावेज, यदि कोई हो, अपेक्षित आवेदन शुल्क नहीं होने पर उन्हें अस्वीकार कर दिया जाएगा।

ड. अनिवार्य अर्हता की समतुल्यता उपबंध के संबंध में, विज्ञापन की आवश्यकतानुसार यदि कोई अभ्यर्थी किसी विशेष अर्हता को समतुल्य अर्हता के रूप में पेश करता है, तो अभ्यर्थी को इस संबंध में आदेश /पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें उस जारीकर्ता प्राधिकारी को दर्शाया गया हो जिसके तहत उक्त अर्हता को समतुल्य माना गया है, अन्यथा आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा। अर्हता(ओं) की समतुल्यता और विश्वविद्यालयों/संस्थानों की मान्यता के संबंध में सीएसआईआर का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

च. यदि प्रस्तुत दस्तावेज/ प्रमाणपत्र हिंदी या अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में हो, तो उसका किसी राजपत्रित अधिकारी या नोटरी से सत्यापित प्रतिलेख प्राप्त करके प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

छ. पात्रता, आवेदनों की स्वीकृति या अस्वीकृति, चयन के तरीके और परीक्षा आयोजित करने संबंधी सभी मामलों में सीएसआईआर-सीरी/ सीएसआईआर का निर्णय अभ्यर्थियों के लिए अंतिम और बाध्यकारी होगा। इस संबंध में अभ्यर्थी की ओर से किसी व्यक्ति या एजेंसी द्वारा की जाने वाली किसी पूछताछ या पत्राचार का जवाब नहीं दिया जाएगा।

ज. चयनित व्यक्तियों को निदेशक, सीएसआईआर-सीरी, पिलानी (मुख्यालय पिलानी या संसाधन केंद्र जयपुर और चेन्नई) के प्रशासनिक नियंत्रण में सेवा देने के लिए तैयार रहना होगा।

झ. किसी भी रूप में पक्ष-प्रचार (सिफ़ारिश) और/या कोई प्रभाव, राजनीतिक या अन्यथा डालना पद के लिए अयोग्यता होगी।

ञ. निदेशक, सीएसआईआर-सीरी के पास बिना कोई कारण बताए विज्ञापन को रद्द करने या आवश्यकता पड़ने पर पदों को न भरने का अधिकार सुरक्षित है। उपर्युक्त बताई गई रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है अर्थात् वास्तविक चयन के समय इसमें वृद्धि या कमी हो सकती है। इस विज्ञापन के जारी होने का तात्पर्य यह नहीं है कि वास्तव में चयन अनिवार्यतः किए जाने हैं। यह चयन प्रक्रिया चयन के विभिन्न चरणों के दौरान विनिर्दिष्ट समय पर प्रभावी सीएसआईआर/भारत सरकार के अनुदेशों के अधीन है।

ट. चयनित अभ्यर्थी पदभार ग्रहण करने की तिथि से विनिर्धारित अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे। सक्षम प्राधिकारी के विवेक पर परिवीक्षा अवधि को बढ़ाया या घटाया जा सकता है। परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरी होने के बाद, लागू नियमों के अनुसार उनकी पुष्टि के संबंध में विचार किया जाएगा।

ठ. आवेदकों को आवेदन में यह बताना होगा कि क्या उनका कोई नजदीकी या रक्त संबंधी सीएसआईआर-सीरी या सीएसआईआर या सीएसआईआर की किसी अन्य प्रयोगशाला / संस्थान के कार्मिक हैं। घनिष्ठ संबंधों में पत्नी / पति / भाई / बहन / भाई की पत्नी और वे लोग शामिल होंगे जिन्हें रक्त संबंधी कहा जा सकता है।

ड. चयन संबंधी अधिसूचना, शारीरिक परीक्षण और लिखित परीक्षा हेतु बुलाए जाने के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों के विवरण सहित शॉर्टलिस्ट करने के लिए अपनाए गए मानदंड एवं किसी भी अन्य अपडेट को समय-समय पर केवल सीरी की आधिकारिक वेबसाइट: https://www.ceeri.res.in पर प्रदर्शित किया जाएगा।

ढ. **किसी अंतरिम पूछताछ या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।**

ण. उपर्युक्त पद की भर्ती समय-समय पर यथासंशोधित "सीएसआईआर एकाकी वर्ग नियमावली" से शासित होती है। इसलिए अन्य सभी निबंधन और शर्तें जो यहां विनिर्धारित नहीं हैं, उक्त भर्ती नियम के अनुसार लागू होंगी।

**3. आयु सीमा और छूट:**

क. ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की निर्धारित अंतिम तिथि अर्थात् 01 मार्च, 2022 (मंगलवार) ही ऊपरी आयु सीमा, अर्हताएं और / या अनुभव निर्धारित करने की भी तिथि होगी। यह पद अनारक्षित है और दिव्यांग श्रेणी के लिए उपयुक्त निर्धारित नहीं है।

ख. हालांकि, विनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित निर्धारित प्रारूप में सुसंगत प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर ऊपरी आयु सीमा में केवल उन मामलों में लागू सरकारी आदेशों के अनुसार छूट दी जा सकती है जहां पद संबंधित श्रेणियों के लिए आरक्षित है। अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी जो अनारक्षित (अना.) पद के लिए आवेदन करते हैं, वे आयु में छूट के लिए पात्र नहीं होंगे। भूतपूर्व सैनिकों के मामले में आयु में छूट भारत सरकार के आदेशानुसार प्रदान की जाएगी।

4. आवेदन कैसे करें:

क. अभ्यर्थियों को आवेदन सीएसआईआर-सीरी की वेबसाइट से डाउनलोड किए गए निर्धारित प्रारूप (आवेदन और रूपरेखा) में या संस्थान की वेबसाइट www.ceeri.res.in पर उपलब्ध प्रारूप में ए-4 आकार के कागज पर केवल एक तरफ टाइप करके करना होगा।

ख. आवेदन शुल्क का भुगतान केवल डिजिटल मोड में होगा। आवेदन शुल्क ऑनलाइन प्रस्तुत करने का लिंक सीएसआईआर-सीरी की वेबसाइट www.ceeri.res.in पर 'Quick Link Digital payment for CSIR-CEERI' के अंतर्गत उपलब्ध है। अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे आवेदन शुल्क ऑनलाइन प्रस्तुत करने के प्रमाण (प्रूफ) का प्रिंट आउट लेकर इसे आवेदन के साथ संलग्न करें। आवेदन शुल्क प्रस्तुत करने के प्रमाण के बिना आपके आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

ग. सभी प्रमाणपत्रों यथा सभी सेमेस्टरों / वर्षों / समेकित अंकपत्रों, आयु, शैक्षिक अर्हता, अनुभव, जाति / समुदाय / दिव्यांगता के समर्थन में प्रमाणपत्रों की स्व-सत्यापित प्रतियों, हाल के रंगीन पासपोर्ट आकार के स्व-हस्ताक्षरित फोटोग्राफ के साथ ₹100/- के अप्रतिदेय आवेदन शुल्क (अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ दिव्यांगजन/ महिला/ सीएसआईआर कर्मचारी/ विदेश के अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त है) सहित प्रत्येक दृष्टि से पूर्ण आवेदन इस कार्यालय में आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को या इससे पूर्व पहुँच जाना चाहिए।

घ. लिफाफे में जिसके ऊपर "सुरक्षा अधिकारी के पद हेतु आवेदन" (पद कोड: SECOFF-01) लिखा हो डाक द्वारा निम्नलिखित पते पर भेजा जाना चाहिए :-

प्रशासन नियंत्रक,<br>
सीएसआईआर - केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान,<br>
पिलानी-333031<br>
राजस्थान

ड. दूर दराज क्षेत्रों के-अभ्यर्थियों के लिए भी उपर्युक्त अंतिम तिथि समान रहेगी।

च. सीजीपीए/ एसजीपीए/ ओजीपीए ग्रेड आदि प्रदान करने वाले विश्वविद्यालयों/संस्थानों के मामले में, अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे अपने विश्वविद्यालय/ संस्थान के फार्मूले के आधार पर इसे प्रतिशत में परिवर्तित करें।

छ. प्रस्तुत किए गए आवेदन को वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी और भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही इसे भविष्य में होनेवाली किसी अन्य भर्ती या चयन प्रक्रिया के लिए आरक्षित रखा जाएगा।

ज. सीएसआईआर/सरकार/स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के कर्मचारियों के आवेदनों पर तभी विचार किया जाएगा जब वे नियोक्ता द्वारा उचित माध्यम द्वारा अग्रेषित किए जाएं और यह प्रमाणित किया जाए कि चयन होने पर नियुक्ति प्रस्ताव प्राप्त होने के एक महीने के भीतर आवेदक को कार्यमुक्त कर दिया जाएगा। साथ ही सतर्कता मंजूरी भी दर्ज की जानी चाहिए। हालांकि, आवेदन की अग्रिम प्रति अंतिम तिथि से पहले प्राप्त हो जानी चाहिए। उचित माध्यम द्वारा भेजे गए आवेदन यथाशीघ्र सीएसआईआर-सीरी में पहुंच जाने चाहिए। साक्षात्कार के समय 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' आवश्यक रूप से प्रस्तुत करना होगा।

झ. अभ्यर्थी विशेष रूप से नोट करें कि किसी भी कारण से अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों (जैसे लिफाफे को गलत पते पर भेजा जाए, कहीं और डिलीवर किया जाए, डाक में देरी, प्रमाणपत्र की प्रतियां संलग्न न होना, आवेदन शुल्क के

बिना, आदि) को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा। आवेदन प्राप्त होने के बाद अलग से प्राप्त होनेवाले किसी भी संलग्नक को उसके साथ नहीं जोड़ा जाएगा। इस संबंध में किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। गलत, असत्य और त्रुटिपूर्ण जानकारी देना अयोग्यता मानी जाएगी।

ञ. अधूरे आवेदन (अर्थात् फोटो, उपयुक्त प्रमाणपत्र और आवेदन शुल्क के बिना, अहस्ताक्षरित आदि) पर विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।

ट. ऐसे अभ्यर्थी जिनके आवेदन पूर्ण हो और अर्हता संबंधी सभी योग्यताएं पूरी करते हो उन्हें ही शारीरिक परीक्षण के लिए बुलाया जाएगा।

ठ. साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के लिए चुने गए अभ्यर्थियों का विवरण, साक्षात्कार की तिथि, तिथि में परिवर्तन, चयन परिणाम, एक या सभी पदों का रद्दकरण, विज्ञापन संबंधी शुद्धिपत्र/ अनुशेष, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार आदि की सूचना सीएसआईआर-सीरी की वेबसाइट पर अधिसूचित की जाएगी। इसलिए, अभ्यर्थियों को नवीनतम अपडेट के लिए वेबसाइट www.ceeri.res.in देखते रहना चाहिए।

**5. <u>डाक द्वारा भेजे गए आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्यतः संलग्न होने चाहिए:</u>**

क. आवेदन शुल्क के रूप में ऑनलाइन ₹100/- प्रस्तुत करने का प्रमाण, जहां लागू हो।

ख. फॉर्म पर रंगीन फोटो चिपकाकर पूर्ण हस्ताक्षर किए गए हों।

ग. जन्म तिथि, शैक्षिक अर्हता, अनुभव और जाति/समुदाय/ दिव्यांगता/ विधवा/ तलाकशुदा महिलाएं/ पति से न्यायिक विच्छेद प्राप्त महिलाएं/ जम्मू और कश्मीर राज्य के निवासियों के लिए अधिवास संबंधी प्रमाणपत्रों की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी, यदि लागू हो।

नोट: इस विज्ञापन के अंग्रेजी संस्करण और इसके हिंदी अनुवाद के बीच विसंगतियों के मामले में, अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

प्रशासन नियंत्रक